भारत स्काउट्स एवं गाइड्स
राष्ट्रीय मुख्यालय

पता : लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इंद्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली - 110002
वेबसाइट : www.bsgindia.org ईमेल आईडी : info@bsgindia.org दूरभाष : +91-11-23370724,23378667

प्रति,
समस्त राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ
भारतीय संघ

परिपत्र संख्या : 90/ 2020
दिनांक : 14 जुलाई, 2020

विषय :– "बेहतर विश्व फ्रेमवर्क– विश्व स्काउट कार्यक्रम" पर वेबिनार विषयक।

महोदय/महोदया,

आपको यह सूचित करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि कोविड महामारी के इस कठिन दौर में युवाओं को डिजिटल रुप से जोड़ने हेतु भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ,राष्ट्रीय मुख्यालय **"बेहतर विश्व फ्रेमवर्क– विश्व स्काउट कार्यक्रम"** पर एक वेबिनार का आयोजन कर रहा है।

इस वेबिनार का उद्देश्य हमारे युवाओं को बेहतर विश्व फ्रेमवर्क के बारे में जिसमें **शान्तिदूत पहल, स्काउट ऑफ द वर्ल्ड अवार्ड, चैंपियंस फॉर नेचर चैलेंज(पांडा बैज), स्काउट फॉर एसडीजीस, स्काउट गो सोलर, शान्ति कार्यक्रम हेतु संवाद, विविधता और समावेश, अर्थ ट्राइब इनिशिएटिव, पोट्रिमोनिटो स्काउट चैलेंज** आदि सम्मिलित है का ज्ञान प्रदान करना हैं।

वेबिनार 05 से 08 अगस्त, 2020 और 17 से 20 अगस्त, 2020 तक आठ दिन क्रमशः 10.00 से 12.00 बजे तक चलेगी। वेबिनार लिंक कार्यक्रम शुरु होने से एक दिन पूर्व पंजीकृत उम्मीदवारों को उनके ईमेल आईडी और व्हाट्सएप नम्बर पर भेज दिया जायेगा। अपंजीकृत उम्मीदवार को वेबिनार में शामिल होने से स्वचालित रुप से हटा दिया जाएगा।

पंजीकरण संस्था के सभी सदस्यों जैसे कब्स/बुलबुल्स, स्काउट्स/गाइड्स, रोवर्स/रेंजर्स तथा वयस्क नेताओं के लिए खुला हुआ है। पंजीकरण गूगल लिंक https://forms.gle/X4AgjvwpMXH7QgY9A के माध्यम से आमंत्रित किया गया है।

पंजीकरण **25 जुलाई 2020 (मध्य रात्रि)** को बंद कर दिया जायेगा। सभी सत्रों में उनकी उपस्थिति पर विचार करने के पश्चात उम्मीदवार को राष्ट्रीय स्तर के डिजिटल प्रतिभागिता प्रमाण–पत्र से सम्मानित किया जाएगा। एकल सत्र से चूकने वाले उम्मीदवार प्रतिभागिता प्रमाण–पत्र के लिए पात्र नहीं है।

चूंकि ऑनलाइन कार्यक्रम हमारे सदस्यों को डिजिटल मंच में शामिल करने हेतु प्रारम्भ किया गया है अतः सभी राज्य संघों से अनुरोध है कि इस वेबिनार का व्यापक प्रचार करे तथा अधिक से अधिक सदस्यों को इस आयोजन में शामिल होकर विश्व स्काउट कार्यक्रम के बारे में सीखने हेतु प्रेरित करें।

सधन्यवाद,

भवदीय,

(राज कुमार कौशिक)
निदेशक

प्रतिलिपि :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय ।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली ।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–15, सेक्टर–62, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201309
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ।
6. सहायक निदेशक, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, उत्तर पूर्व क्षेत्र –समन्वयक को अनुसरण हेतु।